Email. registrarcsjmu@gmail.com
Web: www.csjmu.ac.in

V.C. : 0512-2580044
REGI.: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

Formerly Kanpur University, Kanpur 208024

पत्रांक: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सा0प्रशा0 / 740 / 2023 दिनांक: 29 / 10 / 2023

कार्यालय– ज्ञाप

एतदद्वारा अपर मुख्य सचिव, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांक–445 / चालीस–2023–18–1–2021 दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 के द्वारा वर्ष 2023–24 के लिये "गुरू गोविन्द्र सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" हेतु प्रस्ताव / आवेदन उपलब्ध कराये जाने के क्रम में सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 के लिये ""गुरू गोविन्द्र सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" हेतु प्रत्येक जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक–एक प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को दिनांक 15.11.2023 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

अतः उपरोक्त पुरस्कार हेतु न्यूनतम एक–एक प्रस्ताव नियमानुसार दिनांक 15.11.2023 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोपरि।

डॉ०(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी / अधिकारीगण।
2. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से कि उक्त पत्र संलग्न सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करनें एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करे।
5. वैयक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति।
6. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियत्रंक।
7. सम्बन्धित पत्रावली ।

कुलसचिव

संख्याः–945/चालीस–2023–18–1–2021, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी–444 चतुर्थ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

2– निदेशक, उ0प्र0 हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरूषोत्तम दास टंडन हिन्दी भवन, 6–महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ।

3–सचिव,उ0प्र0 उर्दू अकादमी, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

4– निदेशक, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी–पंचम तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

5– निदेशक, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान लखनऊ।

6– सचिव, फखरूददीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

7– सचिव, हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयागराज।

8– निदेशक, उ0प्र0 भाषा संस्थान, सप्तम तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

9– अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक कल्याण आयोग उ0प्र0, लखनऊ।

10–कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय उ0प्र0।

11–निदेशक, सूचना विभाग उ0प्र0 को उक्त पुरस्कार के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।

12–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
संयुक्त सचिव।

अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्याः–445/चालीस–2023–18–1–2021

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग **लखनऊः दिनांक 26 अक्टूबर, 2023**

विषयः–वर्ष 2023–24 के लिये "गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" हेतु प्रस्ताव/आवेदन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया "गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" दिये जाने विषयक शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1340/चालीस–2001–2001–15(10)/99 दिनांक 03.08.2001 द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शासनादेश संख्या–394/चालीस–2023–18–1–2021 टी.सी.1 दिनांक 03.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वर्ष 2023–24 के लिये "गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" हेतु प्रत्येक जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक–एक प्रस्ताव, उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।

2– उक्त पुरस्कार हेतु कतिपय जनपदों से शून्य सूचना शासन को प्राप्त हो रही है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त योजना का जनपद में व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2023–24 के लिये "गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" हेतु समय समय पर जारी शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक जनपद से न्यूनतम एक–एक प्रस्ताव **दिनांक 15.11.2023** तक प्रत्येक दशा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

/

(जितेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य सचिव।